**समाचार**

# टीम भावना के साथ कार्य करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को दें अंतिम रूप — आयुक्त

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम अधिकारियोंा की बैठक लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा की, पृथक—पृथक कार्यो हेतु अधिकारियों को सौपे दायित्व)




कोरबा 18 फरवरी 2025 —आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे टीम भावना के साथ कार्य करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के संदर्भ में की जा रही आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दें, एक ओर जहॉ शहर की स्वच्छता व साफ—सफाई की दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें, त्रुटिरहित स्वच्छता कार्यो पर फोकस रखें, वहीं दूसरी ओर स्वच्छ सर्वेक्षण के विभिन्न बिन्दुओं हेतु निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में अपने कोरबा शहर को उच्चतम रैंकिंग का सम्मान दिलाना हम सभी का सामुहिक दायित्व है, इस दिशा में हम सबको मिलकर अपना—अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने सोमवार को नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, अभियंताओं व स्वच्छता विभाग के अधिकारियों एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के संदर्भ में निगम द्वारा की जा रही आवश्यक तैयारियों की जोनवार व बिन्दुवार विस्तार से समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि शीघ्र ही शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य संपादित होना है, अतः स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु निर्धारित विभिन्न बिन्दुओं पर सभी अधिकारी कर्मचारी एक टीम के रूप में कार्य करें, अपना—अपना सर्वश्रेष्ठ दें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि सभी बिन्दुओं पर निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप त्रुटिरहित व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

**डोर—टू—डोर गारवेज कलेक्शन में कसावट** — आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि निगम की डोर—टू—डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था में और अधिक कसावट लाएं तथा यह सुनिश्चित कराएं कि प्रत्येक घर से नियत समय पर अपशिष्ट का संग्रहण अनिवार्य रूप से किया जाए तथा कोई भी घर न छुटे।

उन्होने कहा कि संग्रहण कार्य में संलग्न रिक्शों के मरम्मत व सुधार, डेंटिंग, पेटिंग व स्वच्छता संबंधी संदेशों का गीत के रूप में प्रसारण की व्यवस्थाएं बनाई जाए ताकि लोग स्वच्छता के प्रति जागकरू हों। उन्होने कहा कि रिक्शें में सूखा–गीला व डोमेस्टिक अपशिष्ट पृथक–पृथक ही लिया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं तथा कचरे के स्त्रोत पृथकीकरण पर विशेष फोकस करें।

**सी.टी.पी.टी. में त्रुटिरहित व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम क्षेत्र में स्थित समस्त सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शौचालयों में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं, शौचालयों में आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुधार कार्य कर व्यवस्थाओं को अपडेट करें। उन्होने शौचालयों की स्वच्छता व ब्यूटीफिकेशन के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**एस.एल.आर.एम.सेंटर्स की व्यवस्था पर कड़ी नजर** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम क्षेत्र के सभी एस. एल.आर.एम.सेंटरों की व्यवस्थाओं व वहॉ पर किए जा रहे कचरा प्रबंधन से जुड़े कार्यो की सेंटरवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि वे सेंटर की व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखें, सेंटर की साफ–सफाई व कचरा प्रबंधन से जुड़े कार्यो की सतत मानीटरिंग करें, सभी एस.एल.आर.एम.सेंटर में लघु उद्यानिकी, डेंटिंग, पेटिंग आदि के माध्यम से सेंटरों का ब्यूटीफिकेशन कराएं तथा यह देंखे कि सेंटरों में कचरा प्रबंधन से जुड़ी सभी गतिविधियॉ निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप संचालित हो, एवं कहीं पर भी गंदगी व अव्यवस्था परिलक्षित न हों।

**वेस्ट प्रोसेसिंग कार्यो पर विशेष फोकस** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि सूखे कचरे की प्रोसेसिंग हेतु स्थापित ड्राई वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, गीले कचरे से खाद बनाने हेतु स्थापित कम्पोस्ट प्लांट तथा सी.एण्ड डी. वेस्ट प्रोसेसिंग शेड आदि की व्यवस्थाओं पर भी विशेष फोकस रखें, इनमें आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुधार कार्यो को त्वरित रूप से पूरा कराते हुए यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि सभी प्लांट बिना किसी अवरोध के कार्य करें, वहॉ पर कचरे की प्रोसेसिंग का कार्य बिना रूकावट के सतत रूप से चालू रहें। उन्होने विभिन्न कंस्ट्रक्शन साईटों पर अनिवार्य रूप से ग्रीन बेल्ट लगवाएं जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**विविध कार्यो हेतु अधिकारियों को सौपे दायित्व** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर किए जाने वाले विविध कार्यो हेतु अधिकारियों को दायित्व सौपे हैं। उन्होने डोर–टू–डोर कलेक्शन एण्ड सोर्स सेग्रीगेशन, ड्राई वेस्ट प्रोसेसिंग फेसिलिटी, वेट वेस्ट प्रोसेसिंग फेसिलिटी, सी.एण्ड डी.वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, विजिवल क्लीनलीनेस, सिटी ब्यूटीफिकेशन एण्ड ऐस्थेटिक्स एवं सी.टी.पी.टी. आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं हेतु पृथक–पृथक अधिकारियों को दायित्व सौपते हुए निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ए.के.शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता व जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, सुरेश बरूवा, एन.के.नाथ, अखिलेश शुक्ला, भूषण उरांव, राकेश मसीह, प्रकाश चन्द्रा, अजीत तिग्गा, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, गोयल सिंह विमल, सुनील टांडे, विपिन मिश्रा, किरण साहू, अश्वनी दास, अंजूलता तिग्गा, प्रमोद जगत, रितेश सिंह, स्वच्छता निरीक्षक सचिन्द्र थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, सतानंद द्विवेदी, गिरवर विश्वकर्मा, पीआईयू धनमोहन व पंकज गभेल आदि उस्थित थे।